**A–BRL–M–BIWB**

# पशुपालन एवं पशुचिकित्सा विज्ञान (प्रश्न-पत्र–II)

| समय : तीन घण्टे | अधिकतम अंक : 250 |
|---|---|

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें)

दो खण्डों में कुल **आठ** प्रश्न दिए गए हैं जो **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द सीमा, यदि उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

# ANIMAL HUSBANDRY AND VETERINARY SCIENCE (PAPER–II)

| Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 250 |
|---|---|

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other than the authorized one.

Word limit in questions, if specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in chronological order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित के बारे में लिखें :
Write about the following : 10×5=50

*(a)* परिसरीय तंत्रिका प्रणाली की शारीरिक संरचना
Anatomical structure of peripheral nervous system

*(b)* बीमारियों के जोखिम कारक : बीइंग्स मॉडल/निदर्श
Risk factors for diseases : BEINGS model

*(c)* संज्ञाहरण में एंटीमसकेरिनिक कारकों की भूमिका
Role of antimuscarinic agents in anaesthesia

*(d)* कैरोमोन, एलोमोन, साइनोमोन और फेरोमोन की पहचान व उनकी भूमिकाएँ
Identification of Kairomones, Allomones, Synomones and Pheromones, and their roles

*(e)* औषध क्रिया का तंत्र : विनिर्दिष्ट व अविनिर्दिष्ट क्रिया
Mechanisms of drug action : specific and non-specific action

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :
Answer the following questions : 50

*(a)* सूअर इन्फ्लुएंजा के कारण, जानपदिक-रोगविज्ञान, नैदानिक निष्कर्ष, लक्षण, विक्षति, निदान व नियंत्रण के बारे में लिखें।
Write about the etiology, epidemiology, clinical findings, symptoms, lesions, diagnosis and control of swine influenza. 20

*(b)* संक्रामक रोगों की रसोचिकित्सा में पॉल एर्लिक अभिधारणा के अंशदान का विवरण दें। एस० टी० डी० में धातु अन्योन्यक्रिया के परिकल्पन का विवरण दें।
Describe the contribution of Paul Ehrlich postulates in the chemotherapy of infectious diseases. Explain the hypothesis of metal interaction in STD. 20

*(c)* रक्त स्कन्दन व रक्त प्रतिस्थापित की हृदय-रसधर बीमारियों में भूमिका के बारे में लिखें।
Write the role of blood coagulation and blood substitutes in cardiovascular diseases. 10

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :
Answer the following questions : 50

*(a)* तरुण पशुओं में द्वितीय प्रतिरक्षा की कमी के कारण, विकृतिजनन, लक्षण व विक्षति के बारे में बताएँ।
Discuss the etiology, pathogenesis, symptoms and lesions of secondary immunity deficiency in young animals. 20

*(b)* अस्थिभंग क्या है? लम्बी हड्डियों के भंग के प्रकार बताएँ। अस्थिभंग मिलन को प्रभावित करने वाले कारक व अस्थिभंग के प्रबन्धन व उपचार के बारे में लिखें।
What is fracture? Give the types of fracture (long bones). Discuss the factors influencing fracture union and management and treatment of fracture. 20

*(c)* टीका उत्पादन की कार्यप्रणालियों का विवरण दें।
Describe the strategies in vaccine production. 10

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :
Answer the following questions : 50

(a) बढ़ते हुए (तरुण) पशुओं के विशेष सन्दर्भ सहित बायोटीन व कोलीन के चयापचय और शरीर-पौषणिक भूमिका का विवरण दें।
Discuss the metabolism and physio-nutritional role of biotin and choline with particular reference to growing animals. 20

(b) बछड़ों में फेल्योर ऑफ पैसीव ट्रांसफर (एफ० पी० टी०) के कारण, विकृतिजनन, लक्षण व विक्षति के बारे में बताएँ।
Discuss the etiology, pathogenesis, symptoms and lesions in Failure of Passive Transfer (FPT) in calves. 20

(c) बकरी के 10 बच्चों के लिए आवासीय योजना का चित्रण करें। सभी आवश्यक जरूरतें जैसे आहार, पानी, उपचार व अन्य अपेक्षित प्रबन्धन का विवरण दें।
Draw a housing plan for keeping 10 kids. Discuss all essential requirements including feeding, watering, medication and other managerial requisites. 10

## खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :
Answer the following questions : 10×5=50

(a) पशुजन्य रोगों के उभरने व दोबारा उभरने के कारकों के बारे में लिखें व मांस उत्पादन से सम्बन्धित मुख्य पशुजन्य रोगों का विवरण दें।
Write the factors for the emergence and re-emergence of zoonotic diseases and describe the major zoonoses in relation to meat production.

(b) भारत में डेरी उद्योग के विकास में सहकारी समितियों व ऑपरेशन फ्लड की भूमिकाओं का विस्तार से विवरण दें।
Discuss in detail the role of cooperative societies and Operation Flood in the development of dairy industry in India.

(c) भ्रूण अवस्था से अस्थि, वसा व पेशी ऊतकों के विकास के बारे में लिखें।
Write about the development of bone, fat and muscle tissues starting from embryonic stage.

(d) जानपदिक रोग का सर्वेक्षण किस तरह रोगों के नियंत्रण कार्यक्रम में मददगार है?
How is epidemiological survey helpful in disease control programme?

(e) स्वायत्त तंत्रिका प्रणाली पर कार्य करने वाली औषधियों का वर्गीकरण करें व उनके कार्यतंत्र के बारे में लिखें।
Classify the drugs acting on autonomic nervous system and write their mechanisms of action.

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :
Answer the following questions : 50

(a) मांसाहारी पशुओं के मृत्युपूर्व निरीक्षण के महत्त्व के बारे में लिखें। मृत्युपूर्व जाँच के दौरान पायी जाने वाली आम बीमारियों के नाम लिखें। मृत्युपूर्व निरीक्षण करने की प्रक्रिया के बारे में भी लिखें।
Write the importance of antemortem inspection of meat animals. List the most common diseases encountered during AM examination. Also write the procedure to conduct the AM inspection. 20

(b) मांसाहारी पशुओं के मृत्यु के बाद मृत शरीर के परीक्षण के दौरान विषाणुज रोगों के कारण, सकल विक्षति व निर्णय के बारे में लिखें।

Write the etiology, gross lesions and judgment in respect of viral diseases during postmortem inspection of meat animals' carcasses. 20

(c) बूचड़खाने के उप-उत्पादों का सही तरह उपयोग करने के लिए सामाजिक व आर्थिक निहितार्थों के बारे में लिखें।

Write about the social and economic implications of proper utilization of slaughterhouse byproducts. 10

**7.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :

Answer the following questions : 50

(a) दुग्ध व मांस उद्योग के लिए गुणवत्ता आश्वासन के कार्यक्रमों का विवरण दें।

Describe the quality assurance programme in milk and meat industry. 20

(b) दुग्ध पाउडर बनाने के लिए सुखाने के भिन्न-भिन्न तरीके कौन-से हैं तथा उनके लाभ व हानि क्या हैं? दुग्ध पाउडर का पैकेजिंग व संग्रहण कैसे करेंगे?

What are the different drying methods, their advantages and disadvantages for manufacturing of milk powders including their packaging and storage? 20

(c) चिडार चीज़ के संसाधन तकनीक, उसके पैकेजिंग व संग्रहण के बारे में विस्तार से लिखें।

Describe in detail the processing technology of cheddar cheese including their packaging and storage. 10

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :

Answer the following questions : 50

(a) पशुओं के खाने-योग्य ऊतकों में पेस्टीसाइड, पशु औषधियों व माइकोटॉक्सीन के अवशेष तथा उपभोक्ता के स्वास्थ्य पर उनके असर का विवरण दें। न्यायिक मानदण्ड के अनुसार विभिन्न प्रकार के पेस्टीसाइडों के अवशेषों का अधिकतम स्तर भी बताएँ।

Describe about the pesticides, veterinary drugs and mycotoxin residues in the edible tissues of the animals and their effects on consumer health. Also mention the Maximum Residue Levels (MRLs) of different pesticides as per legal standards. 20

(b) आधुनिक वधशाला व मांस संयंत्र को स्थापित करने के लिए न्यायिक जरूरतों का वर्णन करें।

Describe the legal requirements for setting up a modern abattoir and meat plant. 20

(c) ग्लू व जिलेटिन बनाने के संसाधन तकनीक का विवरण दें।

Describe the processing technology for manufacture of glue and gelatin. 10

★ ★ ★